This question paper contains **2** printed pages]

आपका अनुक्रमांक..............................

2206

B.Ed. **D**

Paper IV (*a*)

METHODS OF TEACHING : HINDI (B)

समय : 1½ घण्टे पूर्णांक : 35

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है।

शेष प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. "साहित्य पठन के प्रति रुचि उत्पन्न करना भाषा-शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है।" इस कथन पर टिप्पणी करते हुए सोदाहरण विवेचन कीजिए कि आप उच्चतर माध्यमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकें पढ़ाते समय इस रुचि का विकास किस प्रकार करेंगे ? 11

2. "डायरी, संस्मरण और जीवनी तीनों ही अपनी प्रकृति में अतीतजीवी विधाएँ हैं।" इस कथन पर सोदाहरण टिप्पणी करते हुए तीनों के विधागत अंतर पर प्रकाश डालिए और बताइए कि इनका शिक्षण निबंध पाठों के शिक्षण से किस प्रकार भिन्न होगा। 12

P.T.O.

अथवा

3. 'कहानी में उपन्यास की भाँति मानव जीवन का बृहत रूप दिखाने का प्रयास नहीं किया जाता और न ही उसमें सभी रसों का सम्मिश्रण होता है।'' इस कथन पर समीक्षात्मक टिप्पणी कीजिए तथा कहानी और उपन्यास की शिक्षण-विधि में अंतर का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 12

4. किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 12

   (*i*) उच्चस्तरीय ग्राह्यात्मक कौशलों का विकास।

   (*ii*) भाषा एवं साहित्य का अंतर्संबंध।

   (*iii*) शब्द-शक्तियों के शिक्षण की युक्तियाँ।